# ललितपुर फार्मा पार्क के लिए 24 कंपनियों ने मांगी जमीन, 2100 करोड़ का निवेश

**लखनऊ।** उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ललितपुर में 1,472 एकड़ में दो चरणों में बल्क ड्रग फार्मा पार्क विकसित कर रहा है। पहले चरण में 352 एकड़ में यह पार्क विकसित होगा। अभी तक फार्मा सेक्टर की 24 कंपनियों ने 100 एकड़ से अधिक जमीन आवंटन के लिए आवेदन किया है।

## थोक दवा/फार्मास्युटिकल क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को दिया जाएगा बढ़ावा

बल्क फार्मा पार्क का पहला चरण में रामपुर गांव और दूसरा चरण में गढ़ोली कलां, सैदपुर, लार्गन व करोंदा गांव में कार्य होगा। विकास का मुख्य केंद्र मंडावरा तहसील के सैदपुर व गढ़ोली कलां और मेहरौनी तहसील के लार्गन, करोंदा व रामपुर गांव पर होगा। इसका उद्देश्य राज्य में थोक दवा/फार्मास्युटिकल क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस परियोजना के लिए भूमि का हस्तांतरण पशुपालन विभाग से यूपीसीडा को हो चुका है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने बताया कि इस जगह की कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है, यहां रेल, सड़क और हवाई जहाज से सीधा संपर्क है। ये रूट दिल्ली-नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक आवश्यकताओं के लिए परिवहन की सुविधा देगा। झांसी के पास एक नया ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा स्थापित करने की योजना भी बन रही है।

उन्होंने कहा कि यह औद्योगिक क्षेत्र मेक इन उत्तर प्रदेश अभियान को और मजबूत करेगा। लगभग 24 कंपनियों ने सीईटीपी, कॉमन स्टीम जनरेशन और वितरण नेटवर्क, सॉल्वेंट स्टोरेज और थोक दवा इकाइयों व संबद्ध उद्योगों के लिए प्रस्तावित बल्क ड्रग फार्मा पार्क में निवेश करने में रुचि व्यक्त की है। इस परियोजना में चरण में 225 से 250 करोड़ और दोनों चरणों को मिलाकर लगभग 2,100 करोड़ का पूंजी निवेश होगा। ब्यूरो